आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 25.12.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान को परिणाम केंद्रित बनाने के निर्देश दिए।
- उत्तराखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए 167 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की तैनाती।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 508 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी।
- मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने जड़ी–बूटी उत्पादन को राज्य की अर्थव्यवस्था से जोड़ने पर जोर दिया।

**जन जन की सरकार**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान किसी भी स्थिति में केवल औपचारिकता बनकर न रहे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों, बुजुर्गों, महिलाओं और कमजोर वर्ग के ऐसे लोग जो शिविरों तक नहीं आ सकते, उनके घर तक अधिकारी स्वयं पहुँचें, मौके पर ही आवेदन भरवाएँ और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें।

**मुख्यमंत्री ने देहरादून में इस अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम केवल समस्याएँ सुनने का नहीं, बल्कि सेवा और समाधान का मंच है। इसका उद्देश्य जनता तक वास्तविक लाभ पहुँचाना और इसे पूरी तरह परिणाम केंद्रित बनाना है। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविरों की सूचना पहले से व्यापक स्तर पर दी जाए और इन्हें उत्सव के स्वरूप में आयोजित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग सहजता से जुड़ सकें।**

**मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को आवेदन के लिए भटकना न पड़े। जहाँ समस्या का समाधान तुरंत संभव हो, वहाँ मौके पर ही कार्रवाई की जाए और जहाँ समय लगे, वहाँ स्पष्ट समयसीमा तय कर लाभार्थी को जानकारी दी जाए। यदि किसी क्षेत्र से फीडबैक संतोषजनक नहीं मिलता है, तो वहाँ दोबारा शिविर लगाया जाएगा।**

**एस.आई.आर**

उत्तराखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर, की तैयारियों के तहत 167 नए अधिकारियों की तैनाती की गई है। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार इन अधिकारियों को अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, एईआरओ, के रूप में नियुक्त किया गया है।

प्रदेश में वर्तमान में 70 विधानसभा क्षेत्रों में 70 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और 268 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तैनात हैं। 167 नए एईआरओ की नियुक्ति के बाद प्रदेश में कुल 435 एईआरओ विशेष गहन पुनरीक्षण और उससे जुड़ी तैयारियों का कार्य देखेंगे। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ये अतिरिक्त एईआरओ केवल आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए तैनात किए गए हैं। इनमें खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, चकबंदी अधिकारी सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि बूथ लेवल ऑफिसर–बीएलओ, आउटरीच अभियान के तहत मतदाताओं से संपर्क और संवाद करेंगे। इस अभियान की नियमित निगरानी ईआरओ और एईआरओ द्वारा की जाएगी, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके।

**सु□ासन दिवस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को समर्पित राष्ट्रीय प्रेरणास्थल का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। स्वतंत्र भारत के महान विभूतियों की गौरवशाली विरासत का सम्मान व्यक्त करने के श्री मोदी के संकल्प के अनुरूप निर्मित राष्ट्र प्रेरणास्थल, अटल बिहारी वाजपेई के जीवन और आदर्शों के प्रतीक श्रद्धांजलि होगी।

इस बीच, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को सुशासन दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

अपने राज्यपाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन त्याग, समर्पण और राष्ट्रसेवा को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि वे एक दूरदर्शी राजनेता और कुशल प्रशासक थे, जिनके विचार और मूल्य भारतीय लोकतंत्र के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अटल जी ने जो सपने उत्तराखंड राज्य के लिए देखे थे उसको सवारने का काम और उसको आगे बढ़ाने का काम राज्य में हो रहा है।

## स्वीकृति

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए कुल 508 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इसके तहत पंचम राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत वर्ष 2025–26 की चतुर्थ त्रैमासिक किश्त के रूप में शहरी निकायों को 315 करोड़ रुपये जारी करने और 15वें वित्त आयोग के तहत केंद्र से प्राप्त 94 करोड़ रुपये को वर्ष 2025–26 में त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं को हस्तांतरित करने की मंजूरी दी गई है।

इसके साथ ही भ्योल–रूपसियाबगड़ जल विद्युत परियोजना के लिए कैट प्लान मद में 15 करोड़ रुपये, नैक गोठ में इकोलॉजिकल कॉरिडोर विकास परियोजना तथा ''मिशन फॉर आत्मनिर्भरता इन पल्सेस'' योजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

## जड़ी बूटी उत्पादन

मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने जड़ी–बूटी उत्पादन को राज्य की अर्थव्यवस्था से जोड़ने पर जोर दिया है। उन्होंने इसके लिये कृषि, उद्यान और वन विभाग को आपसी समन्वय के साथ जड़ी–बूटी के उत्पादन और मार्केटिंग के लिए संयुक्त कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। आवश्यकता पड़ने पर बजट में इसके लिए प्रावधान भी किया जाएगा।

सचिवालय में वन विभाग की गैर काष्ठ वन उपज के विकास तथा हर्बल एवं एरोमा टूरिज्म परियोजना से जुड़ी राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने नर्सरियों को हर्बल और एरोमा पार्क के रूप में विकसित कर पर्यटन गतिविधियों से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने देववन चकराता, खिर्सू, जागेश्वर, सेलाकुई और मुनस्यारी सहित अन्य स्थानों में नर्सरियों के विस्तार के लिए तत्काल कार्रवाई और एक नर्सरी प्लान तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जड़ी–बूटियों के विकास के लिए एक कोर ग्रुप गठित करने को कहा, जिसमें कृषि, उद्यान, हर्बल विकास एवं अनुसंधान संस्थान, सगंध पौधा केंद्र, वन विभाग और वन निगम को शामिल किया जाएगा, ताकि सभी संस्थाएं आपसी तालमेल से कार्य कर सकें।

## सहकारिता मंत्री संबोधन

सहकारिता मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने कहा है कि राज्य की प्रत्येक ग्राम सभा में सहकारी समितियों की स्थापना की जाएगी, जिससे हर व्यक्ति को सहकारिता आंदोलन से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां ग्रामीण समृद्धि की धुरी बनेंगी और इनके माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी जाएगी।

देहरादून के रेंजर्स ग्राउंड में आयोजित सहकारिता विभाग के सहकारिता मेले को संबोधित करते हुए डॉक्टर रावत ने बताया कि सहकारिता के माध्यम से प्रदेश में अब तक साढ़े ग्यारह लाख से अधिक किसानों और स्वयं सहायता समूहों को सात हजार करोड़ रुपये से अधिक का ब्याज मुक्त ऋण वितरित किया जा चुका है, जिससे लाभार्थियों की आय में बढ़ोतरी हुई है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, ग्राम सभा स्तर पर सहकारी समितियों के गठन के जरिए युवाओं को स्टार्टअप, ऑर्गेनिक उत्पादों की मार्केटिंग और प्रोसेसिंग जैसे आधुनिक व्यवसायों से जोड़ रही है। वर्तमान में 600 से अधिक नई एमपैक्स, 258 डेयरी समितियां और 119 मत्स्य समितियां गठित की जा चुकी हैं।

## सम्मान

ओमान में आयोजित 120 किलोमीटर की अल्ट्रा मैराथन जीतने वाले अंतरराष्ट्रीय एथलीट और भूतपूर्व सैनिक कलम सिंह बिष्ट को मुख्यमंत्री आवास में सम्मानित किया गया। चमोली ज़िले के विकासखंड देवाल के मुंदोली निवासी ने इस कठिन प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त कर अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्तराखंड और देश का नाम रोशन किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रेगिस्तानी और पथरीले मार्गों पर आयोजित इस चुनौतीपूर्ण मैराथन में दुनिया भर के हजारों एथलीटों के बीच पहला स्थान हासिल करना पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि कलम सिंह बिष्ट की यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

**<u>क्रिसमस</u>**

क्रिसमस का त्यौहार देशभर में मनाया जा रहा है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों का क्रिसमस की शुभकामनाएं दी हैं।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर**

सभी राज्यों में अरावली क्षेत्र में खनन पट्टी निरस्त; इस ख़बर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है। अमर उजाला लिखता है—केंद्र सरकार ने कहा, प्रतिबंध पूरे अरावली भूभाग पर लागू होगा संरक्षित क्षेत्र का भी होगा विस्तार।

एक अन्य ख़बर पर अमर उजाला का शीर्षक है— आयुष्मान व गोल्डन कार्ड योजना अब इंश्योरेंस और हाइब्रिड मोड पर चलेगी, कार्मिकों के अंशदान में 250 से 450 रुपए तक की होगी मासिक बढ़ोतरी। वही इस खबर पर हिंदुस्तान पत्र लिखता है कैबिनेट फैसलाः  उत्तराखंड में आयुष्मान योजना को भी इंश्योरेंस मोड में चलाने का निर्णय, गोल्डन कार्ड का प्रीमियम बढ़ा।

एकल आवासीय और छोटे व्यवसायिक भवनों का नक्शा पास कराना हुआ आसान। नवोदय टाइम्स के अनुसार अब विकास प्राधिकरण में पंजीकृत आर्किटेक्ट से प्रमाणित नक्शे ही होंगे स्वीकृत।

नए साल और क्रिसमस पर लोगों को जाम से बचाने की लिए ट्रैफिक पुलिस की तैयारी की खबर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है दून में तीन दिन भारी वाहनों पर रोक, मसूरी जाने का रूट बदला।